G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## दिविप्रा की फर्जी आवास योजना के संबंध में सार्वजनिक सूचना

- कुछ जालसाज लोग फ्लैटों की बुकिंग के लिए लोगों को लुभाने के लिए दिविप्रा की हाउसिंग स्कीम के नाम पर फर्जी यूआरएल (www.ddahousingyojana.com and www.ddaflat.org.in) का इस्तेमाल कर रहे हैं।
- दिविप्रा ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा और साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज की गई है।
- आम जनता को एतदद्वारा सचेत किया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों और योजनाओं से सावधान रहें।
- यह भी सत्यापित किया जाता है कि इन वेबसाइटों के माध्यम से प्रचालित दिविप्रा हाउसिंग स्कीम 2023 फर्जी/धोखाधड़ी वाली है और दिविप्रा ने ऐसी कोई हाउसिंग स्कीम 2023 जारी नहीं की है। वर्तमान में, **दिविप्रा द्वारा कोई हाउसिंग स्कीम नहीं चलाई जा रही है।**
- जब भी दिविप्रा द्वारा कोई नई हाउसिंग स्कीम शुरू की जाती है, तो उसे दिविप्रा की आधिकारिक वेबसाइट यानी **www.dda.gov.in** पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।
- अन्य स्रोतों/वेबसाइटों से जनता धोखेबाज/बेईमान व्यक्तियों या संस्था के जाल में फंस सकती है जिससे वित्तीय हानि हो सकती है।
- यह अनुरोध किया जाता है कि नियमित अपडेट/लेन–देन के लिए डीडीए की प्रामाणिक वेबसाइट देखें।

**प्रधान आयुक्त (आवास)**

ddaofficial official_dda official_dda_ Official_dda पर हमें फॉलो करें

कृपया हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in देखें या टोल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें